परिचयः—

DOS एक पुराना आपॅरेटिंग सिस्टम हैं। डिस्क ऑपरेटिंग सिस्टम को संक्षिप्त रुप में DOS के नाम से जाना जाता हैं। DOS एक C.U.I. अर्थात कैरेक्टर यूजर इण्टरफेस प्रकार का ऑपरेटिंग सिस्टम है, जो प्रयोगकर्ता से अक्षरों एवं प्रतीकों के माध्यम से संवाद स्थापित करता है। DOS ऑपरेटिंग सिस्टम का आधार एकल—कार्य एवं एकल प्रयोगकर्ता हैं। यह ऑपरेटिंग सिस्टम निर्देशों अथवा Command के द्वारा कार्य करता हैं, चूंकि DOS निर्देश दिए जाने पर निर्देशों के अनुसार कार्य करता हैं, अतएव इसे हम कमाण्ड प्रॉम्प्ट (Command Prompt) के नाम से भी जानते हैं।

कमाण्ड अंग्रेजी भाषा के कुछ निश्चित शब्द अथवा शब्दो के लघुरुप हैं, जिनका अर्थ DOS को पहले से ज्ञात है। DOS इन शब्दो को पहचान कर उसके अनुसार कार्य करता हैं। इन्हीं शब्दों अथवा शब्दों के लघुरुप को ही कमाण्ड कहते हैं। DOS के कमण्ड दो प्रकार के होतें हैंः—

इन्टर्नल कमाण्ड **(Internal Command)**
एक्सटर्नल कमाण्ड **(External Command)**

इन्टर्नल कमाण्डः— DOS के वे कमाण्ड जो DOS के Command.Com नामक फाइल में पहले से संग्रहित होते हैं, उन्हें इन्टर्नल कमाण्ड कहते हैं। **उदाहरणः—** CLS, VOL, TIME, DATE, COPY इत्यादि।

एक्सटर्नल कमाण्डः— DOS के वे कमाण्ड जो DOS के Command.Com नामक फाइल में न होकर अन्य फाइलों में संग्रहित होतें हैं, उन्हे एक्सटर्नल कमाण्ड कहते हैं। **उदाहरणः—** TREE, FORMAT, MODE इत्यादि।
कुछ इन्टर्नल तथा एक्सटर्नल कमाण्डों को उनके प्रयोग तथा उचित Syntax (भाषा विन्यास) के साथ नीचे दर्शाया गया हैं।

कुछ Internal Commands (इन्टर्नल कमाण्ड):-

1. **CLS** स्क्रीन पर पहले से मौजूद कैरेक्टर को समाप्त करने के लिए।
\>cls ↵
2. **DIR** डाइरेक्ट्री तथा फाइल को देखने के लिए।
C:\>Dir ↵
3. **DATE** दिनांक को देखने तथा परिवर्तित करने के लिए।
C:\>Date ↵
Current date is: 01-01-2008
Enter new date (mm/dd/yy):21-03-2009 ↵
4. **TIME** समय को देखने तथा परिवर्तित करने के लिए।
C:\>Time ↵
The current time is: 06:11:56.45a
Enter new time:1:15:48.57p ↵
5. **Exit** डॉस से बाहर आने के लिए।
C:\>Exit
6. **Cd** रुट या मेन डाइरेक्ट्री पर जाने के लिए।
C:\Computer\Monitor>cd\ ↵
C:\>
7. **Cd** डाइरेक्ट्री को परिवर्तित करने के लिए।
C:\>CD φ<Directory Name> ↵

8. **Cd..** एक डाइरेक्ट्री पीछे जाने के लिए।
C:\Computer\Monitor>cd.. ↵
C:\Computer>

9. **Cd...** दो डाइरेक्ट्री पीछे जाने के लिए।
C:\Computer\Monitor>cd... ↵
C:\>

10. **Md** नई डाइरेक्ट्री बनाने के लिए।
C:\> MD φ<Directory Name> ↵

11. **Rd** डाइरेक्ट्री को समाप्त करने के लिए।
C:\>RD φ <Directory Name> ↵

12. **Copy Con** टेक्स्ट फाईल बनाने के लिए।
C:\>COPY φ CON φ<FILE NAME> ↵

13. **COPY** फाइल को कॉपी करने के लिए।
C:\>Copyø<File Name>ø<New File Name> ↵

14. **Del** फाइल को समाप्त करने के लिए।
C:\>DEL φ <File Name>

15. **Ren** फाइल को रीनेम करने के लिए।
C:\>REN φ <OLD FILE NAME> φ <NEW FILE NAME> ↵

16. **Type** फाइल में लिखे टेक्स्ट को देखने के लिए।
C:\>TYPE φ<File Name> ↵

17. **Vol** डॉस के वॉल्यूम को जाँचने के लिए।
C:\>Vol ↵

18. **Label** किसी ड्राइव पर लेबल लगाने के लिए।
C:\> Label <Name> ↵

19. **Attrib** किसी फाइल अथवा फोल्डर की विशेषता (attribute) परिवर्तित करने के लिए।
c:\>Attribø<File Name>ø+h/-hø+s/-sø+r/-r ↵

20. **Color** डॉस के स्क्रीन के बैकग्राउन्ड व फॉन्ट का रंग परिवर्तित करने के लिए।
c:\>color <any digit from 0 to 9 or ABCDEF>

कुछ External Commands (एक्सटर्नल कमाण्ड):-

1. **FORMAT** किसी ड्राइव को फॉरमेट करने के लिए।
C:\>FORMAT φ<DRIVE> ↵

2. **TREE** डाइरेक्ट्री तथा सब डाइरेक्ट्री को देखने के लिए।
C:\>Treeø<Directery Name> ↵

3. **CHKDSK** डिस्क व ड्राइव को जाँचने के लिए।
C:\>Chkdsk ↵

4. **MOVE** फाइल को किसी लोकेशन से किसी अन्य लोकेशन मे भेजने के लिए।
C:\>Move<sorce File Name>ø<Destination> ↵

5. **Edit** फाइल मे लिखित टेक्स्ट मे सुधर तथा परिवर्तित करने के लिए।
C:\> EDIT φ <File Name> ↵